तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 निर्वाचित जिपं सदस्यों को सौंपा प्रमाण पत्र





14 सारवंडी सरपंच की जीत के बाद समर्थकों ...




## खबर संक्षेप



### मतदान मित्रों ने किया मतदाताओं का सहयोग

**दुर्गुकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के स्काउट एवं गाईड प्रभारी बंगोमारानी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में स्काउट एवं गाईड, एनएसएस, रेड क्रॉस के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता मित्र बनके दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं का सहयोग करते हुए उन्हे पानी पिलाने, मतदान के लिए कतारबद्ध कराने एवं विकलांगो को मतदान केंद्र तक ले जाने में सहयोग किया।

### क्रिकेट में डुवा टीम की जीत व हिंगंझर की हार



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल ग्राम कलवर में 6 दिनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सुपर स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हुआ। प्रतियोगिता में 36 टीम ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मैच डुवा और हिंगंझर के मध्य खेला गया। हिंगंझर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में 35 रन बनाएं। जवाब में डुवा ने 3.1 ओवर में 36 रन बनाकर जीत दर्ज किया।

### बाइक की ठोकर से राहगीर की हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत माटवाड़ा मेन रोड में आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 5629 के चालक ने 6 जनवरी को दोपहर 3 बजें अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक कन्हैया राम को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गंभीर चोट आने की वजह से कन्हैया राम की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत आमाबेड़ा निवासी 55 वर्षीय बजय बाई का मौत कुआ में गिरने से हो गया। बड़ेतेवरा निवासी 60 वर्षीय रामसिंग मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका की मौत 18 से 19 फरवरी के मध्य बड़ेतेवड़ा के खेत में बने कुआ में गिरने से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**चुनाव :** पंच, सरपंच के परिणामों की जानकारी देर रात तक मिलते रहेगी

# गांवों की सत्ता के लिए 80 फीसदी हुआ मतदान देर शाम तक मतदाताओं की लगीं लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- 21 फरवरी को टेबुलेशन के बाद नतीजों की होगी अधिकृत घोषणा
- गणना पत्रक एजेंटों को मतगणना स्थल पर दिया गया

त्रिस्तरीय पंचायत के दूसरे चरण के तहत कांकेर जिले के दो विकासखंड भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में निर्धारित समय सुबह पौने 7 बजे से मतदान शुरू हो गया और दोपहर 2 बजे तक मतदान हुआ। कई केंद्रो में मतदाता 2 बजे के कुछ समय पहले पहुँचे, उनको टोकन दिया गया और देर शाम यानी शाम 7 बजे तक मतदान होता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-सुबह और उसके बाद दोपहर को मतदाताओं में ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला। समाचार लिखे जाने तक मतदान होने पर मतदान का प्रतिशत सामने नहीं आ पाया। अधिकारियों की मानें तो लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा ही मतदान हुआ है।

मतदान दल अपने मतदान केंद्रो पर एक दिन पहले पहुँच गए थे और सुबह 6 बजे से मतदान के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया था। सभी मतदान केंद्रो पर सुबह पौने 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया था। निर्धारित समय 2 बजे तक मतदान होना था, परंतु मतदाता अंतिम समय पर पहुँचने के कारण अधिकतम मतदान केंद्रो पर देर शाम को मतदान खत्म हुआ, इसके उपरांत मतगणना शुरू हुई। मतगणना में सबसे पहले पंच, उसके बाद सरपंच, उसके बाद जनपद सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्य के लिए मतगणना की गई। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान के लिए मतदान केंद्रो पर व्हील चेयर की व्यवस्था भी की गई ▶▶|शेष पेज 14 पर



### जीवन के 9 दशक पूरे, जज्बे से किया मतदान



मतदान के दूसरे चरण मे कोरर के बूथ क्रमांक 26 में श्रीमती रजई बाई कोसमा मतदान करने पहुंचीं थी। उनकी पोती तनिशा कोसमा ने बताया कि दादी रजई बाई अभी लगभग 92 साल की हैं और उम्रदराजी के चलते वे शारीरिक रूप से निःसहाय हो चुकी हैं, फिर भी हर बार वोट देने मतदान केंद्र अवश्य जाती हैं। मतदान करने पहुँची रजई बाई ने कहा कि वह पिछले सात दशकों से सभी निर्वाचनों में वोट देते आईं हैं और जब तक जीवन रहेगा, तब तक वह वोट जरूर देंगी। 9 दशकीय आयु पूर्ण कर चुकीं रजई में अब भी मताधिकार का इस्तेमाल करने का जज्बा देखते ही बनता है।



### पहले मतदान उसके बाद जरूरी दूसरा काम

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर में इस ग्राम के शांतिपारा वार्ड के निवासी टिकेश साहू भी अपना वोट डालने दोपहर बूथ में पहुंचे, वह भी दूल्हे के गेटअप में। दूल्हा बने टिकेश ने बताया कि उनकी बारात निकलने वाली थी, लेकिन इससे पहले अपने एक वोट की कीमत समझते हुए मतदान करने पहुंच गए। दूल्हा बने युवा मतदाता ने बताया कि पहले मतदान, उसके बाद दूसरा जरूरी काम..! इस तरह दाम्पत्य सूत्र में बंधने जा रहे टिकेश ने एक जागरूक मतदाता होने की मिसाल कायम की और बारात की रवानगी से पहले वोट देना ज्यादा जरूरी समझा।



### फर्स्ट टाइम वोटर्स भी उत्साहित दिखे

भानबेड़ा की 20 वर्षीय निर्जला जैन ने पहली बार मतदान किया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि अब मुझे भी अपनी पसंद के जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिल गया है। इसी तरह रायपुर से वोट देने कोरर आए उज्जवल सिंह राठौर ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार दीपिका टेकाम मतदान करने के बाद काफी उत्साहित नजर आईं। उन्हांने कहा कि यह उनके जीवन का अनूठा अनुभव रहा। इस तरह मतदान केंद्रों पर युवा और वरिष्ठ नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया।



### जिस स्कूल में की पढ़ाई, वहीं तीन दोस्त पहुंचे मतदान करने

ग्राम पंचायत कोरर के मतदान केंद्र क्रमांक 27 में शीतलापारा वार्ड निवासी तीन दोस्त एक साथ मतदान करने पहुंचे थे। युवा मतदाता तीनों दोस्त घनश्याम कुंजाम, उमेश उसेंडी और नूतन कुमार हिड़को ने बताया कि वे पक्के मित्र हैं और आज वोट देने भी एक साथ यहां पहुंचे है। उन्होने बताया कि जिस स्कूल में एक साथ कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई की, वहीं पर वोट देने भी एक साथ आए हैं। मजे की बात यह है कि तीनों दोस्तों ने लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन में भी एक साथ ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

### जिपं क्षेत्र क्रमांक 7 से 9 तक के लिए हुआ मतदान

जिला पंचायत कांकेर के लिए 13 जिला पंचायत क्षेत्रों में से 3 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए द्वितीय चरण में मतदान हुआ। प्रत्याशियों को गणना पत्रक मिल जाने के बाद इनकी तस्वीर देर रात तक उनको स्पष्ट हो जाएगी, वहीं प्रशासन परिणाम का टेबुलेशन 21 फरवरी को करेगा, तभी पूरी तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। क्षेत्र क्रमांक 07 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामबाई गोटा पतंग छाप से, कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी झरना हेमंत ध्रुव और हेमूबाई उयके दो पत्ती छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 08 में 07 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी देवेंद्र कुमार टेकाम छाता छाप से, अरूण कुमार कल्लो दो पत्ती, चेतन मरकाम उगता सूरज, दामेश्वर दर्रो पतंग, शोप सिंह आंचला गाड़ी, सोहनलाल कोमरा फावड़ा और बेलचा और सुकचंद मंडावी बल्ब छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 09 में 09 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें भाजपा से अधिकृत नागसाय तुलावी गाड़ी छाप, कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी धनीराम ध्रुव पतंग छाप से है, इसके अलावा अमिता जीवन उइके दो पत्ती, देवलाल नरेटी उगता सूरज, जोहन लाल गावड़े छाता, फूलसिंह शोरी फावड़ा और बेलचा , राकेश कोमरे बल्ब, श्यामलाल मंडावी सिलाई की मशीन और सुखेश्वरी मंडावी हाथ चक्की छाप से किस्मत बैलेट पेपर बाक्स में कैद हो गई है।

# चारामा नपं अध्यक्ष भुनेश्वर ने जीत पर निकाली आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चारामा



नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष पद पर विजयी होने के बाद भुनेश्वर नागराज ने गुरुवार 20 फरवरी को अपने समर्थकों के साथ चारामा नगर में आभार रैली निकाली और सभी जनता का आभार जताया। रैली के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। आयोजित आभार रैली समता रंगमंच चारामा से 20 फरवरी की सुबह 11 बजे शुरू हुई, जो मुख्य मार्ग होते हुए पूरे नगर में भ्रमण कर जनता का आशीर्वाद लेती रही। रैली के दौरान नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर महिलाओं ने रस्सी से रैली को रोक कर भुनेश्वर नागराज को आशीर्वाद दिया। यह दृश्य नगरवासियों की अपार खुशी और समर्थन को दर्शाता है। विजयी अध्यक्ष ने रैली के दौरान नगरवासियों का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि नगर के सभी अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करेंगे। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरे नगर के लोगों की है। मैं हर एक नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूं। रैली ने नगर पंचायत क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया और नागरिकों को उनके नेताओं के प्रति गहरी श्रद्धा ▶▶|शेष पेज 14 पर

# मतदान केंद्रों का कलेक्टर व प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



- मतदान केंद्रों में ग्रामीणों और वालेंटियर्स से की चर्चा
- पहले चरण में जिले की तीन जनपद पंचायतों में मतदान हुआ

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले की जनपद पंचायत कांकेर, नरहरपुर और चारामा में मतदान 17 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। सुबह पौने सात बजे से मतदान प्रक्रिया दोपहर 02 बजे तक चली। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और प्रेक्षक विश्वरंजन कुमार ने नरहरपुर विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण एवं अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मतदाताओं से चर्चा की। कलेक्टर और प्रेक्षक 17 फरवरी की सुबह जनपद पंचायत नरहरपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 126,127, 128 बासनवाही, मतदान केंद्र क्रमांक 132 साईंमुंडा, केंद्र क्रमांक 129,130 बांगाबारी, मतदान केंद्र क्रमांक 124 और 125 मांडाभर्री का निरीक्षण व अवलोकन कर ग्रामीणों एवं वालेंटियर्स से चर्चा किया तथा मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान अधिकारियों से मतदान प्रतिशत की जानकारी लिया तथा व्यवस्थित ढंग से वोटिंग सम्पन्न कराने के निर्देश पीठासीन अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही नियत समय तक मतदान केन्द्र परिसर में पहुंचे सभी मतदाताओं से मतदान करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अरुण वर्मा भी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने दिल्ली की कमान महिला को दी, अब होगा विकास : शालिनी

हरिभूमि नयूज ▶▶|कांकेर



भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व शाली मारबाग विधानसभा की सशक्त महिला विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि दिल्ली की जनता ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए पूर्ण बहुमत की डबल इंजन सरकार बनाई है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास को रफ्तार देगी और आमजन की भलाई सुनिश्चित करेगी । भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन भाजपा सरकार में विकास सुनिश्चित होगा और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य का विकास होगा। पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली डबल इंजन की रफ्तार से विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होने कहा कि दिल्ली की नवनिर्वाचित सीएम के सशक्त नेतृत्व में विकास के नए आदर्श स्थापित करेगी, समृद्ध और विकसित दिल्ली के निर्माण का संकल्प साकार होगा, अब मुख्यमंत्री के रूप में उनका यह नया सफर दिल्ली के लिए एक अहम मोड़ साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि रेखा गुप्ता दिल्ली के विकास के लिए पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगी और इस दृष्टिकोण से उनके पास संगठन और सरकार चलाने के अनुभव से दिल्ली में भाजपा के मुख्यमंत्री महिला चुने जाने का संदेश पूरे देश भर में जाएगा। दिल्ली के विकास का संदेश देश के कोने कोने में जाएगा। भाजपा हमेशा से देश के सामने कुछ नया और बहुत अच्छा करना संदेश जनता को देती हैं, जो दिल्ली में देखने को मिला।

**महिलाओं के सशक्तिकरण की ओर बीएसएफ के बढ़ते कदम**

# बीएसएफ राष्ट्र निर्माण की दिशा में सुरक्षा और सेवा के लिए है प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ संवेदनशील ईलाके की 31 महिलाओं को सिलाई मशीन सौंपी गई और उनसे यह भी कहा गया कि इसके अलावा जो भी कौशल को बढ़ाने के लिए मदद की जरूरत होगी, उसके लिए भी बीएसएफ सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी। बीएसएफ की 11 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन दंडकवन मैंप में बीएसएफ के आईजी आनंद प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुआ। उन्होने कहा कि



बीएसएफ आमजनता से मिलकर देश की सुरक्षा करती है, इसी तरह से आप लोगों के मध्य जिस मिशन को पूरा करने के लिए जिम्मेदारी मिली है, उसे भी निभाने में डटी हुई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। अंदरूनी ईलाकों पर जहाँ भी बीएसएफ के कैंप है, वहाँ पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते है। हमारे कैंप के अफसरों ने पहले महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया और उनको आज की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित किया, उसके बाद उनको सिलाई मशीन सौंपी गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। बीएसएफ के डीआईजी हरिंदरपाल सिंह सोही ने बताया कि इन महिलाओं को दंडकवन कैंप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस पहल से वे अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक ▶▶|शेष पेज 14 पर


**पाठक सूचना**

हरिभूमि

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969







## खबर संक्षेप

### चिहरो पंचायत का वार्षिक मेला आज

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत चिहरो का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 21 फरवरी को रखा गया है। रात्रि में लोककला मंच नवरंग नाचा पार्टी मावलीभाट नयापारा उड़ीसा की प्रस्तुति होगी। मेला में ग्राम राऊरवाही, आमाकड़ा, महेंद्रपुर, सटेली, कोटपारा, गुलालबोडी के देवी-देवता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। यह जानकारी सरपंच कृष्ण कुमार दुग्गा, जैन चुरेन्द, ईश्वरलाल, ललित चुरेन्द ने दी है।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत शिवनगर कांकेर निवासी 48 वर्षीय उत्तम सिंह ठाकुर ने फांसी लगा लिया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे उपचार के लिए 19 फरवरी को अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की इलाज के हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत गोविंदपुर निवासी 47 वर्षीय कटल वेंकटेश्वर का ईलाज के दौरान 19 फरवरी को शाम 5 बजें जिला अस्पताल में हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 10 हजार की अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के भानपुरी थाना में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 हजार 330 रूपए की अवैध शराब जप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बस्तर में अवैध शराब बिक्री, परिवहन करने वाले तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे धरपकड़, गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी भानपुरी निरीक्षक अमित पद्मशाली के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी।

---

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव :** फरसगांव के 73 सरपंच में से 5 निर्विरोध जीते

# फरसगांव और माकड़ी जनपद में हुआ मतदान
# माकड़ी के 889 पंच में से 474 निर्विरोध चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण





त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 अंतर्गत दूसरे चरण में गुरूवार को जिले के फरसगांव और माकड़ी जनपद में मतदान संपन्न हुआ। कई मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में कतारबद्ध महिलाएं सहित सभी ग्रामीण मतदाता बहुत उत्साहित नजर आए। द्वितीय चरण के निर्वाचन का निरीक्षण करने के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ जिले के माकड़ी और फरसगांव अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा किया और मतदान केद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर ने माकड़ी अंतर्गत ग्राम शामपुर, मारागांव, छोटे सलना, लुभा, कोकोड़ी, कोसार हरदुली, तारगांव, रांधना, नयापारा, बरकई, तथा फरसगांव अंतर्गत बोरगांव, लंजोड़ा और जैतपुरी के मतदान केंद्रों में पहुंचकर पीठासीन अधिकारियों से मतदाताओं की संख्या और मतदान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र में चिकित्सा विभाग की टीम से चर्चा करते हुए उपलब्ध दवाईयों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान मतदान कर्मियों से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए और कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव में 158 मतदान केंद्र हैं। मतदाता की संख्या 68287 है। इस दौरान 68 सरपंच, 372 पंच, 20 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान हुआ। फरसगांव के कुल 73 सरपंच में से 5 निर्विरोध और कुल 878 पंच में से 506 निर्विरोध चुने गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत माकड़ी में 154 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 76160 है। इस दौरान 67 सरपंच, 415 पंच, 18 जनपद सदस्य और 2 जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान हुआ। माकड़ी के कुल 889 पंच में से 474 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

## कोण्डागांव जनपद अंतर्गत नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को वितरित किया प्रमाण पत्र



**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 के पहले चरण में जिले के जनपद पंचायत कोण्डागांव में 17 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ।

मतदान के पश्चात जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ व रिटर्निंग अधिकारी अविनाश भोई की उपस्थिति में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### इन्हें दिया गया प्रमाणपत्र

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में कोण्डागांव जनपद अंतर्गत हुए निर्वाचन की मतगणना में जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक–09 से निर्वाचित सदस्य नंदलाल उर्फ नंद कुमार राठौर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक–10 से निर्वाचित सदस्य रीता शोरी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक–11 से निर्वाचित सदस्य रामदई प्रेमसिंह नाग और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक–12 से निर्वाचित सदस्य यशोदा रामचंद्र कश्यप को रिटनिंर्ग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

---

# दुर्घटना में मजदूर की मौत, पुलिस में रिपोर्ट कराए बिना शव कर दिया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- माकडी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई



माकड़ी ब्लॉक के तमरावण्ड जंगल में लकड़ी गाड़ी में लोडिंग के दौरान मजदूर की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल को तत्काल माकड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने बिना किसी पुलिस रिपोर्ट के वाहन की व्यवस्था कर शव को गांव के लिए रवाना कर दिया। मृतक चमरा राम नेताम ग्राम बफना का निवासी था। जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों को इस मामले में संदेह उत्पन्न हुआ। इसके बाद शव को दोबारा माकड़ी लाया गया, जहां थाने में एफआईआर दर्ज कराकर पोस्टमार्टम कराया गया। अस्पताल प्रशासन इतनी बड़ी घटना में बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव को परिजनों को सौंपने की लापरवाही सामने आई है। आमतौर पर छोटी–छोटी घटनाओं में पुलिस जांच का हवाला दिया जाता है, लेकिन यहां डॉक्टर ने जल्दबाजी दिखाते हुए शव वाहन भेज दिया।

इस मामले में वाहन मालिक की लापरवाही भी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मामले को दबाने के लिए जल्दबाजी में शव सुपुर्द कर दिया गया। घटना दोपहर 11:30 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है, लेकिन शव को वापस लाने, एफआईआर कराने और पोस्टमार्टम करने में रात के 8 बजे तक का समय लग गया।

# आग न लगाएं व लगी को बुझाने का तत्काल प्रयास करें : सीसीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तेंदूपत्ता शाखकर्तन व वनों को अग्नि से सुरक्षा पर कार्यशाला



बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के इंद्रावती टाईगर रिजर्व में हाल ही में नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा, सीजन-2025 से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर संबित मिश्रा, संदीप बलगा उप निदेशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर एवं प्रभारी वन मण्डलाधिकारी, हेमंत रमेश नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर, राजेश चौहान, सेकण्ड इन कमांड सीआरपीएफ बीजापुर, शरद जायसवाल, डीएसपी बीजापुर, समस्त बीजापुर वन मण्डल एवं इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर के उप वन मण्डलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी, उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन बीजापुर, प्रबंधक व फड़मुंशी एवं कर्मचारी शामिल रहे। जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा द्वारा कार्यशाला में वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणो को वनों से प्राप्त होने वाले लघु वनोपज (तेंदूपत्ता, लाख, चिरौंजी, इमली आदि) की जानकारी देते हुए उससे संबंधितों को कितना कितना लाभ मिल सकता हैं। इसकी पूरी जानकारी बैठकों में दी जाएं, ताकि स्थानीय लोग अपने क्षेत्रों में आग न लगाए एवं लगी आग को बुझाने हेतु तत्पर प्रयास करें। नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2025 में शाखकर्तन कार्य हेतु सभी समितियों में आपसी निर्णय से एक निर्धारित अवधि का चयन कर अच्छी तरह से बूटा कटाई का कार्य संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### बांस से आईस्कीम काड़ी तैयार करें

सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कहा कि वन मण्डल अंतर्गत फायर संबंधी उपकरणो को तत्काल सुधार कर उपयोग में लाएं। समस्त परिक्षेत्र अधिकारियो को अपने परिक्षेत्र अंतर्गत कार्य करने वाले चौकीदार एवं अग्नि प्रहरियों से स्थानीय प्रजाती के बीजो का संग्रहण कराएं। वनमण्डल अंतर्गत आने वाले जंगलों में ब्लैक स्थलो का चयन कर, संग्रहित बीजों का माह जुलाई में छिड़काव एवं रोपण किया जाए। सूचना के अधिकार के तहत चाही गई जानकारी समय सीमा में आवेदक को प्रदाय किया जाए। आरडीबीएफ कार्यो से प्राप्त औद्योगीक बांस को बंडलींग कराकर डिपो परिवहन कराया जाए ताकि प्राप्त बांस का पूर्ण उपयोग हो। बांस से आईस्कीम काड़ी तैयार करने की कार्य योजना करने कहा गया।

---

# चुनाव प्रचार पर जाने से नाराज छोटे ने बड़े भाई से की मारपीट



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानबेड़ा में सरपंच प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में गए बड़े भाई से नाराज छोटे भाई ने मारपीट किया और जान से मरने की धमकी दिया। मारपीट का शिकार हुए बड़े भाई ने थाना पहुंचकर अपने छोटे भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। थाना में शिकायत करने पहुंचे आवासपारा भानबेड़ा निवासी कमलेश बघेल पिता स्व. कृष्णाराम बघेल ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं और 18 फरवरी की शाम को सरपंच प्रत्याशी भानबेड़ा निवासी खेम चुरेन्द्र के चुनाव प्रचार-प्रसार में अपनी मां के साथ गया था। चुनाव प्रचार करने के बाद खेम चुरेन्द्र के घर खाना खाकर मां के साथ वापिस अपने घर की ओर जा रहा था और रात लगभग 10 बजे आवासपारा में ग्राम कोटवार भानुराम के घर पास पहुंचे थे, तभी वहां पर मेरा छोटा भाई चंद्रशेखर बघेल मिला और मुझे बोला कि तुमको खेम चुरेन्द्र के चुनाव प्रचार प्रसार में जाने से मना किया हूं, फिर भी तुम चुनाव प्रचार में क्यों गए हो कहते हुए गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो आरोपी चंद्रशेखर ने मुझे जान से मारने की धमकी दिया और डंडा से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दोनो पैर, दोनो हाथ में चोट लगा है। मारपीट को देख आसपास मौजूद लोगो ने बीच-बचाव किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# निर्वाचित जिपं सदस्यों को सौंपा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को 20 फरवरी को दोपहर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसारगर द्वारा विजयी की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया।

जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 से मृदुला भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 02 से सुलोचना मेश्राम, क्रमांक 03 से सावित्री संजना वट्टी, क्रमांक 04 से तारा ठाकुर, क्रमांक 05 से तेजेश्वरी गब्बर सिन्हा और क्रमांक 06 से किरण नरेटी को विजयी होने का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर प्रेक्षक विश्वरंजन कुमार, एसडीएम अरूण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. देवांगन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के तहत प्रथम चरण का मतदान कांकेर, चारामा और नरहरपुर में संपन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप निर्वाचित प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हुई थी। इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचित सदस्यों के नामों की घोषणा के साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# जान से मारने की नीयत से बुजुर्ग को दौड़ाया नशेड़ी आरोपी के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




कांकेर थानांतर्गत बंगाली कैंप सिंगारभाट में आए दिन नशे में धुत्त आरोपी को गाली देने से माना करने पर और भी ज्यादा उग्र हो गया और समझाने वाले को ही जान से मारने की नियत से दौड़ाने लगा। आरोपी द्वारा आए दिन धमकी देने और गाली देने से परेशान युवक ने इसकी शिकायत कांकेर थाना में किया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बंगाली कैंप सिंगारभाट निवासी 41 वर्षीय विजय देवनाथ पिता दुलाल चंद देवनाथ ने पुलिस को बताया कि मेरे घर के सामने संदीप देवनाथ अंडा दुकान खोला है और 19 फरवरी की रात साढ़े 9 बजें आरोपी संदीप देवनाथ अपने दुकान के सामने जोर-जोर से गाली दे रहा था। सुनने में बहुत खराब लगा तो मै उसको समझाने के लिए उसके दुकान के पास गया। उसको समझाते हुए कहा कि यहां पर सभी परिवार के साथ रहते है और तुम जोर-जोर से गाली गलौच कर रहे हो। मेरे द्वारा समझाने पर आरोपी संदीप देवनाथ तुम कौन होते हो मुझे गाली देने से मना करने वाले बोलकर विवाद करने लगा और हाथपाई किया। अगले दिन 20 फरवरी को सुबह करीबन 11 बजे मेरी पत्नी रूपाली देवनाथ पूजा करने के लिए बोर से पानी भर रही थी। उसी समय संदीप देवनाथ घर के सामने आया और मेरी पत्नी को देखकर थूकने लगा और गाली देने गला, तब मेरी पत्नी घटना के बारे मे मेरे पिता दुलालचंद को बताई। मेरे पिता घर से बाहर आकर संदीप देवनाथ में समझाने का प्रयास किया कि तुम आए दिन गाली गलौज करते रहते हो। मेरे पिता द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी संदीप नही समझा और मेरे पिता को जान से मार दूंगा, तुम लोगो का बहुत हो गया कहते हुए मेरे पिता को जान से मारने की नियत से दौड़ाने लगा। मेरे पिता डर के मारे दौड़ते हुए घर के अंदर घुस गया।

आरोपी संदीप देवनाथ आए दिन नशे के हालात में गाली देता है और जान से मारने की धमकी देता रहता है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

**सरपंच सरिता का जगह-जगह हुआ स्वागत**

# सारवंडी सरपंच की जीत के बाद समर्थकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



ग्राम सारवंडी के सरपंच पद के प्रत्याशी सरिता राजू भास्कर भारी मतो से जीत हासिल कर ग्राम पंचायत का मुखिया बने। ग्रामवासियों में खुशी है कि पहली बार सारवंडी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम साल्हेटोला से सरपंच चुने गए। नवनिर्वाचित सरपंच सरिता राजू भास्कर को काजू राम अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, ग्राम पटेल राजेन्द्र भास्कर, गैन्दू राम मंडावी, पुरूषोत्तम पाटिल ने ताज पोशी, गमछा, फूलमाला से स्वागत किया।

सालेटोला से 11 वार्ड से लेकर 19 वार्ड के लिए नवनिर्वाचित पंच शिवनारायण कुलदीप, नीरज गुप्ता, अंकित जायसवाल, दयाराम भास्कर, तामेश्वरी साहू, सरिता कोर्राम, सुखिया नेताम, अमिसा कुलदीप विजय रहे, जिनका सम्मान फुलमाला व अबीर गुलाल से किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच की समर्थकों ने विजय रैली निकाली। ग्राम पंचायत सारवंडी में जब से पंचायती राज हुआ है, तब से आश्रित ग्राम सालेटोला से आज तक सरपंच नही बने थे, लेकिन इस बार की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आश्रित ग्राम का सरिता राजू भास्कर विजयी हुई। आश्रित ग्राम से पहले बार सरपंच बनने से पूरे गांव खुशी से झूम उठे। समर्थकों ने डीजे की धुन में अबीर गुलाल खेलते हुए विजय रैली निकाली। नवनिर्वाचित सरपंच का जगह जगह स्वागत किया गया। सरपंच ने कहा कि यह जीत मेरी नही पूरी पंचायत की जनता की जीत है। गांव के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी और सब मिलजुल कर काम करेंगे। इस अवसर पर रोशन साहू, रूपेश, शिवजी गुप्ता, नंद किशोर, निर्मल, महिला एवं पुरुष व युवा वर्ग उपस्थित रहें।

## पेज 13 के शेष...

### गांवों की सत्ता...

और विश्वास का संदेश दिया। आयोजित रैली में कांग्रेस के जोन, सेक्टर, बूथ सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई और अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपना योगदान दिया।

### चारामा नपं अध्यक्ष...

और विश्वास का संदेश दिया। आयोजित रैली में कांग्रेस के जोन, सेक्टर, बूथ सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई और अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपना योगदान दिया।

### बीएसएफ राष्ट्र...

कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेलकूद का आयोजन किया गया।

11 वीं बटालियान के कमांडेंट शंकर प्रसाद साहू ने कहा कि बीएसएफ समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और कौशल विकास से जुड़ी योजनाएं चलाई जाती हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। यह पहल बीएसएफ की राष्ट्र निर्माण की दिशा में सुरक्षा एवं सेवा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और आगे भी इस प्रकार की योजनाएं बीएसएफ द्वारा निरंतर चलाई जाएंगी, जिससे स्थानीय समुदायों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में 11 वीं बटालियन बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, जवान, प्रशिक्षण पाने वाली महिलाएं और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर 25 हजार स्वीकृत

**बीजापुर।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में स्व. रामलाल सकनी की मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पत्नि आवेदक विनेश्वरी सकनी पति स्व. रामलाल सकनी निवासी पेद्दाकोड़ेपाल को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## कलेक्टर व एसपी ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शसंबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर स्थित उपजेल का औचक निरीक्षण किया। जेल के दक्षिण दिशा की ओर पूर्व से निर्मित 4 बैरक जो अभी जेल विभाग के कर्मचारी निवास कर रहे हैं उसको जेल विस्तारीकरण करके एक हजार बंदी क्षमता का जेल बनाया जा सकता है। जिसके विस्तारीकरण हेतु कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को प्राक्कलन तैयार कर जेल मुख्यालय रायपुर की ओर प्रेषित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन की प्रशंसा की एवं बंदियो के पुनर्वास हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश और उपायुक्त आबकारी आशीष कोसम एवं जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम द्वारा ग्राम चेंदुर पहुंचकर आरोपी के घर से लगे दुकान में बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं महुआ से बना अवैध शराब जब्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, वतन चौधरी आबकारी आरक्षक भरत वट्टी एवं शिवनारायण सेठिया मिश्री लाल उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आज

**बस्तर।** आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषायी और सांस्कृतिक विविधता व बहुभाषिकता को पूरी दुनिया में बढ़ावा देना है। वर्ष 1952 में अपनी मातृभाषा के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किए गए आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवाओं की स्मृति में यूनेस्को ने वर्ष 1999 में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पिछले दशकों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कई प्रयासों से स्कूलों में विशेष रूप से आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में बच्चों की दर्ज संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

### द्वितीय चरण में भोपालपटनम एवं उसूर जनपद पंचायत क्षेत्र में हुआ मतदान

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं में गजब का उत्साह

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंदरूनी क्षेत्रों के मतदाताओं ने निर्भीक होकर किया मतदान**





मतदान केन्द्रों में पर्याप्त बुनियादि सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य अमला भी रहे मौजूद, आदर्श मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन बना आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण का मतदान उसूर एवं भोपालपटनम जनपद क्षेत्र में मतदान हुआ कड़ी सुरक्षा के बीच अंदरूनी क्षेत्रों के मतदान निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की मतदान केन्द्रों में सुबह से ही लंबी कतारे लगी हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा सभी केन्द्रों में पर्याप्त छाया, पानी सहित बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध करायी गई थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग के टीम भी मतदान केन्द्रों में तैनात किए गए थे। भोपालपटनम एवं उसूर में आदर्श मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई थी एवं सेल्फी जोन से मतदाता उत्साहित होकर सेल्फी लिए। सामान्य मतदाताओं के साथ ही दिव्यांगजन और बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किए। भोपालपटनम में कुल 67 मतदान केन्द्र बनाए गए थे जनपद पंचायत भोपालपटनम में जिला पंचायत सदस्य के 2 पदों के विरूद्ध कुल 6 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य के 10 पदों के विरूद्ध 38 अभ्यर्थी सरपंच के 33 पदों के विरूद्ध 121 अभ्यर्थी। वहीं सरपंच के कुल 2 पद के निर्विरोध चुने गए है। वार्ड पंच के 420 पदों में 273 निर्विरोध चुने गए एवं 147 पदों के विरूद्ध 332 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत भोपालपटनम में कुल मतदाताओं की संख्या 32176 है।

उसूर जनपद पंचायत क्षेत्र में कुल 72 मतदान केन्द्र बनाए गए थे जनपद पंचायत उसूर अर्न्तगत जिला पंचायत सदस्य के 2 पदों के विरूद्ध 9 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह जनपद सदस्य के 10 पदों में से 1 पद निर्विरोध घोषित हुआ है।

शेष 9 पदों के विरूद्ध 32 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सरपंच के कुल 39 पदों में से 7 पद निर्विरोध घोषित हुआ है। शेष 32 पदों के विरूद्ध 101 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं एवं 520 वार्ड पंच में से 444 पंच निर्विरोध चुने गए हैं। एवं 74 पद हेतु 179 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत उसूर में कुल मतदाताओं की संख्या 34601 है।

### सीईओ जिपं ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अर्न्तगत द्वितीय चरण के मतदान भोपालपटनम एवं उसूर में हुआ मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने आवापल्ली, मद्देड़ एवं रूद्रारम के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

### बुजुर्ग, दिव्यांगों ने किया मतदान





75 वर्षीय अनिल ताल्लुकार दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता ने उत्साहित होकर स्वयं मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मद्देड़ मतदान केन्द्र में फर्स्ट टाईम वोटर्स के रूप में 20 वर्षीय रंजिता अंगमपल्ली ने पहली बार मतदान कर खुशी जाहिर की। आदर्श मतदान केन्द्र उल्लूर ने भी फर्स्ट टाईम वोटर्स ने वोट डालकर सेल्फी जोन में होते हुए उत्साहित नजर आए। बुजुर्ग मतदाता समक्का गोमास ने वोट डालकर लोकतंत्र के महापर्व ने सशक्त भागीदारी निभाई इसी तरह सभी मतदान केन्द्रों में उत्साह देखने को मिला।

### मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए हेलमेट जरूरी

छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग एवं जिला प्रशासन बीजापुर के आदेशानुसार समस्त शासकीय सेवकों एवं आम नागरिकों को दो पहिया वाहनों में आवागमन के समय हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य है। इसी तारतम्य में पंचायत निर्वाचन 2025 में नियोजित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को रिटर्निंग अधिकारी भैरमगढ़ द्वारा सूचित करते हुए सामग्री वितरण केन्द्र में हेलमेट के साथ ही उपस्थित होने के निर्देश दिया गया एवं मोटर वाहन अधिनियम का पालन अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। अन्यथा परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही के लिए संबंधित कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासन एवं संस्कृति का है रक्षक : सुराना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में सांस्कृतिक संध्या एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, ग्राम पंचायत हारम की सरपंच प्रमिला सुराना, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, विद्यालय समिति के सदस्य शिव नेताम व इंदु सुराना उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम व मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश के सभी राज्यों की संस्कृति को अपनी प्रतिभा के माध्यम से समस्त अतिथियों, पालकों व आमजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बच्चों ने कुल 18 बोली भाषाओं में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें देश की सांस्कृतिक एकता की झलक दिखाई दी। मंचासीन अतिथियों सहित उपस्थित पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन तालियो के साथ किया। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। जीवन में अनुशासन अति आवश्यक है जिसे बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही होना चाहिए और सदैव अपने लक्ष्य को याद करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। मैं भी इसी विद्यालय में पढ़ा हु। विद्यालय को ऊंचाइयों में पहुंचाने में विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हारम सरपंच प्रमिला सुराना ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर हमारी धार्मिक संस्कृति, संस्कारों की पाठशाला है। जहां देशभक्ति की शिक्षा दी जाती है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य और आचार्यगण अपना खून पसीना बहाकर विद्यालय के भैया बहनों को शिक्षित और संस्कारी बनाते हैं।

## जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्वाचित अभ्यर्थियों को दिए प्रमाण पत्र







**दंतेवाड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 के तहत जिला पंचायत दंतेवाड़ा के 6 निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य निर्वाचन के लिये सारणीकरण आज जिला पंचायत में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा ने सारणीकरण के पश्चात निर्वाचन परिणाम घोषित कर निर्वाचित अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिसके तहत जिला पंचायत दंतेवाड़ा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक- 1 से तिलेश्वरी नागेश, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-2 से कमला नाग, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-3 से अरविन्द कुंजाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-4 से ममता मंडावी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-5 से सुलोचना कर्मा और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-6 से प्रवीण राणा को निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सम्बन्धित निर्वाचित अभ्यर्थियों सहित उनके निर्वाचन अभिकर्ता और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि उक्त निर्वाचन क्षेत्रों के लिये प्रथम चरण में 17 फरवरी को मतदान हुआ था। जिला पंचायत दंतेवाड़ा के शेष दो निर्वाचन क्षेत्रों हेतु द्वितीय चरण में 20 फरवरी तथा तृतीय चरण में 23 फरवरी को मतदान निर्धारित है। इस मौके पर पंचायत उप संचालक मिथिलेश किसान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विधायक ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नगरीय निकाय चुनाव में दंतेवाड़ा जिले के पांचो निकायों में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के संपन्न होने के बाद भाजपा समर्थित 6 में से 4 जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए, गीदम विकासखंड से 9 जनपद सदस्य एवं दंतेवाड़ा विकासखंड से 9 जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। विधायक चैतराम अटामी ने नव निर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच को शुभकामनाये एवं बधाई दी।

गीदम विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक-6 की नव निर्वाचित जनपद सदस्य अनीता लेकाम ने विधायक चैतराम अटामी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ पहनाकर जनपद सदस्य अनीता लेकाम का स्वागत किया।

भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उनके नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के शानदार एवं दमदार प्रदर्शन व प्रचंड जीत हेतु शुभकामनाये व बधाई दी। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों व भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ट्रिपल इंजन सरकार पंच से लेकर पार्लियामेंट तक बनाकार शहर से लेकर गांव तक विकास पहुचाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, मंडल महामंत्री शैलेश अटामी एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## लापरवाह वाहन चालक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



■ स्कूटी चालक महिला को मारी थी टक्कर ईलाज के दौरान महिला की हुई मौत

दो दिन पहले 18 फरवरी को चितालंका मिनी स्टेडियम के पास बचेली-गीदम मार्ग पर मारूती ईको वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएल 9558 का चालक स्कूली बच्चों को बिठाकर अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक लहराते हुए सामने से आ रही स्कुटी क्रमांक सीजी 18 एन 4584 के चालक को ठोकर मार दी। वेन में सवार 3 बच्चों को चोट लगी तथा स्कुटी सवार महिला अनुराधा पटेल को गंभीर चोट लगने से बेहतर ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रिफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। वाहन चालक के कृत्य गंभीर मानते धारा 105 बीएनएस जोड़कर आरोपी वाहन चालक को 20 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

इस कार्रवाई में सउनि. सुनिता साहू एवं पंकज धर, मप्रआर रोशलिन तिर्की, प्रआर केशव नाग व अन्य स्टाफ शामिल थे। गौरतलब है कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला व पूजा कुमार, रामकुमार वर्मन के मार्ग दर्शन एवं राहुल उईके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक धनंजय सिन्हा व थाना स्टाफ के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## मांझीपाल व तीरथगढ़ युवाओं के उत्साह को मिला नया आयाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कांगेरघाट राष्ट्रीय उद्यान दोनों गांव के इको विकास समिति को दिया कयाक (नौका)

पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मांझीपाल और तीरथगढ़ इको विकास समितियों को चक्रीय निधि से ऋण प्रदान किया गया। इस ऋण का उपयोग पर्यटन गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने दोनों इको विकास समितियों को कयाक (नौका) वितरित किए। इससे अब पर्यटक मांझीपाल और तीरथगढ़ में रोमांचक जल पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। मांझीपाल और तीरथगढ़ के युवाओं ने पर्यटन को बढ़ावा देने की अपनी रुचि और प्रतिबद्धता दिखाई थी, जिसे देखते हुए चक्रीय निधि से उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस पहल से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विकास समिति के सदस्यों ने इस सहयोग के लिए शासन और वन विभाग का आभार व्यक्त किया और इसे ग्राम पर्यटन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### जल पर्यटन से बढ़ेगा आकर्षण

इको विकास समिति के सदस्य पीतांबर नाग एवं सोनू ने बताया कि कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के सहयोग से वे आर्थिक रूप मजबूत हो रहे हैं। कयाकिंग की सुविधा शुरू होने से अब पर्यटक मांझीपाल और तीरथगढ़ में भी जल पर्यटन का आनंद ले सकेंगे, जिससे इस क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी। इस पहल से न केवल स्थानीय युवाओं को आजीविका का साधन मिलेगा, बल्कि अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

### पर्यटन और ग्रामीण विकास को मिलेगी गति

इस कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के समस्त स्टाफ और दोनों गांवों के इको विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं निदेशक चूड़ामणी सिंह ने इस पहल को गांवों के आर्थिक और पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### स्थानीय लोगों को मिल सकेगा रोजगार

सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कहा कि वित्तीय सहायता से पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय लोगों को स्थायी रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मांझीपाल और तीरथगढ़ में पर्यावरण को देखते हुए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें और पर्यटकों से विवाद नहीं करें, साथ ही जंगल को आग बचाएं।

## राशन दुकान में कितना राशन वितरण हुआ होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की दुकानों से हितग्राहियों को हर माह मिलने वाला राशन चांवल,गुड़,चना आदि समय पर वितरण किया जा रहा है,या दुकानदार उसे ठिकाने लगाकर सरकार को चुना लगा रहे हैं। खाद्य विभाग को राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने से फिर एक बार राशन घोटाला की आशंका जताई जा रही है। हालांकि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगा।

प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से पीडीएस के तहत गरीब व सामान्य परिवारों को दिए जाने वाले सरकारी राशन में गड़बड़ी को लेकर राशन वितरण की जांच कराने जा रही है। एक महीने के बाद होने वाली इस जांच के चलते यह आशंका जताई जा रही है कि इस जांच में सरकारी राशन दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस जांच में राशन दुकानों में ऑनलाइन स्टाक और गोदाम में रखे स्टाक में अंतर की जांच की जाएगी। एक महीने के बाद होने वाली इस जांच के चलते यह आशंका जताई जा रही है कि इस जांच में सरकारी राशन दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस जांच में राशन दुकानों में ऑनलाइन स्टाक और गोदाम में रखे स्टाक में अंतर की जांच की जाएगी।

### गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी

फूड कंट्रोलर जीएस राठौर ने बताया कि खाद्य मंत्रालय जांच को लेकर जो आदेश जारी किया है, उसमें राशन दुकानों में बचे खाद्यान्न का स्टाक जांचने को कहा है। यह सत्यापन 31 मार्च 2025 की स्थिति में दुकानों के बचत स्टाक के सत्यापन एवं डेटा एंट्री 10 अप्रैल 2025 तक पूरा किया जाना है। राशन दुकानों की जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित राशन दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




जीवेत शरदः शतम्
मा. केदार कश्यप
मा. किरण देव
विकसित छत्तीसगढ़ के लिए समर्पित, सरल, सहज, सौम्य
व्यक्तित्व एवं जनप्रिय नेता छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
आदरणीय विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
अनंत शुभकामनाएं...
21 फरवरी
आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर विधानसभा क्षेत्र